implement that policy and take every possible step to improve the efficiency and competitiveness of the public sector, the situation may improve. When there is such commitment in the words of the hon. Minister, I think, I can take his assurance as a basis for not pressing this resolution.

Sir, the last point is, the hon. Finance Minister said in his Budget speech that the hon. Minister for Industry would make a statement and that statement, I think, would be on the public sector. There is some political problem in the recent period. So, I cannot press him to make that statement in this session itself. But, at least, during the next monsoon session of Parliament, the Government must come forward with a White Paper or a black paper or a statement, as promised by the hon. Finance Minister so that there would be a good opportunity for the House to discuss, at length, and also take up concretely what project or which industries or which companies can be revived, how they can be revived and some positive suggestions may also come up. I request the hon. Minister, at least, to think about making a statement in whatever form he thinks fit. That is left to him. That is for him to decide. But there should be a proper opportunity to discuss on the initiated policy on the public sector in the coming session of Parliament, if it is not possible now. Thank you, Sir.

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI MURASOLI MARAN): Sir, the hon. Member has referred to a White Paper. We did not promise any White Paper. What we are doing is, we are preparing a paper for giving maximum autonomy to the *Navaratnas*. That is one aspect. Another aspect is, we went to give managerial and financial autonomy to other profit making enterprises. I think, we need not wait till the next session; within a fornight or so, the Government will come out with a press-note ... *(Interruptions)*... I think the hon. Member for his cooperation ...*(Interruptions)*... It is a question of automony i.e., total autonomy to the Navaratnas and managerial and financial autonomy to other public sector undertakings.

SHRI N. GIRI PRASAD: No, Sir. Let there be no confusion on this issue. The hon. Finance Minister stated in his Budget speech that the hon. Minister for industry would make a statement, maybe, on the same lines, but that should be done in the House. Even if the Government announces during the inter-session period, there should be some opportunity for the Parliament to discuss it ...*(Interruptions)*...

SHRI MURASOLI MARAN: Let us not wait till the next session which is going to take place sometime in the month of July ...*(Interruptions)*... What I am saying is, we prepare it and I think, the Cabinet will approve it and we will release it to the Press very soon and anytime, any day, the House may discuss, if it wants.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): But, I think what he mentions is that there should be a scope to discuss that paper in the House. Anyway, since he is not pressing for the Resolution, I ask for the sense of the House. Has he the leave of the House to withdraw the Resolution?

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir.

The Resolution was, by leave, withdrawn.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): We move on the next Private Member's Resolution. Shri Jalaludin Ansari.

Acute Scarcity of Drinking water in villages

श्री जलालुदीन अंसारी (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सदन में निम्नलिखित संकल्प उपस्थित करता हूं कि:

> यह सभा इस तथ्य पर कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 50वें वर्ष में भी देश के हजारों गांवों में पेयजल की अत्यंत कमी है, अपनी गहरी चिंता व्यक्त

करती है तथा सरकार से आग्रह करती है कि वह इस मूल समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए एक द्रुत कार्यक्रम तैयार करने हेतु तत्काल कदम उठाए।

उपसभाध्यक्ष (श्री नीलोत्पल बसु): आप बोलिए।

श्री जलालुदीन अंसारी: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं देश की जनता की एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर इस सदन के माध्यम से और आप के माध्यम से सरकार का ध्यान खींचना चाहता हूं। महोदय, आज 40 साल के योजनाबद्ध विकास के बावजूद देश की ग्रामीण जनता और शहरी जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया है। देश की ग्रामीण आबादी की करीब 45 प्रतिशत जनसंख्या को पेयजल पूर्ण मात्रा में प्राप्त नहीं है और दूसरे गांवों में भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है, यह हमें वर्ष 1994 के एक आंकड़े से पता चलता है।

महोदय, खुशी की बात है कि हम देश की आजादी की 50वीं सालगिरह मनाने जा रहे हैं और हमारी सरकार संसद का एक विशेष सत्र भी बुलाने पर विचार कर रही है इस 50 साल की आजादी में जीवन के किन-किन क्षेत्रों में हम ने क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं। तो इस 50वीं सालगिरह के अवसर पर हम अपनी उपलब्धियों को भी गिनाने जा रहे हैं और आगे क्या किया जाये, इस पर भी सरकार देश की जनता के सामने कुछ विशेष योजना लाने का विचार कर रही है।

आप सभी जानते हैं कि जीवन की कुछ जरुरी आवश्यकताएं हैं, जैसे मकान, कपड़ा, दवा लेकिन सब से बड़ी आवश्यकता है पेयजल और इस के बिना हम जीवित नहीं रह सकते हैं, लेकिन यह देश जोकि गांवों का देश है और जहां सब से बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है, इन 50 सालों में उसे सेफ ड्रिंकिंग वाटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है। आज भी कोसों दूर से लोग पानी ढोकर लाते हैं और अपना जीवन चलाते हैं। फिर शुद्ध जल न मिलने से जो बीमारियां पैदा होती हैं, उन में खासकर डायरिया, टाइफाइड और हेपटाइजिटस हैं। इस के अलावा शुद्ध जल न मिलने से मनुष्य के पेट में कीड़े पैदा होते हैं और उस कारण भी तरह-तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। महोदय अपने देश में आज स्थिति यह है कि पढ़े-लिखे लोगों का भी एक बड़ा हिस्सा उबला हुआ पानी इस्तेमाल नहीं कर पाता है।

इस संबंध में मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि मार्केट रिसर्च एजेन्सी ने एक सर्वे किया मेजर सिटीज का, बड़े शहरों का और उन लोगों का, जो हाइएस्ट इन्कम ग्रुप के लोग हैं। ऐसे 3000 घरों का उसने सर्वे किया तो पता चला कि 75% वे लोग भी उबला हुआ पानी नहीं पीते हैं। उनके वहां वाटर टैप हैं, लेकिन वह बॉयल वाटर का इस्तेमाल नहीं करते हैं और इस ग्रुप में करीब 55 प्रतिशत लोगों के पास पानी के टैप है, जो फिल्टर पानी का इस्तेमाल करते हैं।

महोदय, सरकार ने गांव में पानी देने के लिए जो नार्मस तय किया है, उसके अनुसार 40 लीटर शुद्ध जल प्रति व्यक्ति प्रति दिन देने की योजना है। सरकारी नार्म्स के अनुसार 250 व्यक्तियों के आधार पर एक हैडपंप, जिसको चापाकल या स्टेंड पोस्ट कहते हैं, देने का है। इसके अलावा और भी नार्मस है, लेकिन इन्हीं दो नार्मस को अगर हम देखें तो क्या गांव में प्रति व्यक्ति प्रति दिन 40 लीटर शुद्ध जल मिलता है? इसमें कोई जांच की बात नहीं है। यह स्पष्ट सच्चाई सबके सामने है। गांव के अंदर जो स्थिति है और पेयजल की जो व्यवस्था है। इसी तरह से 250 व्यक्ति पर एक चापाकल भी आज नहीं है और न ही स्टेंडपोस्ट है, जिसके जरिए कि उनको शुद्ध जल दिया जा सके।

महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा जैसा आप सभी जानते हैं, अब गरमी का मौसम आ गया है और गदला जल भी हर गांव में हर जगह मिलना कठिन है। इस तरह की सरकार की योजनाएं चली हैं आठवीं पंचवर्षीय योजना अब समाप्त होने जा रही है और नवीं पंचवर्षीय योजना शुरू होने जा रही है और उसका एप्रोच पेपर हम लोगों के सामने आया है। मुझे यह कहना है कि 40 साल में योजनाबद्ध विकास के जो तरीके अपनाए गए, उसमें जो जनता की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है, उस समस्या का समाधान नहीं हो सका इन पिछले चार दशक में। सरकार का तो बड़े पैमाने पर यह दावा है कि चापाकल गांव में गाड़े गए हैं। गाड़े भी गए हैं, यह सच्चाई भी है।

मैं सरकार से कहना चाहूंगा, माननीय मंत्री जी बैठे हुए हैं उनसे कहना चाहूंगा कि किसी भी स्टेट में आप इसकी जांच करा लें, किसी एजेंसी से जांच करा लें तो आप पाएंगे कि पिछले कई वर्षों में जो चापाकल गाड़े गए, उसका एक बड़ा हिस्सा बेकार है, उससे पानी नहीं निकालता है। नॉनफंशनिंग है और इसका प्रधान कारण यह है कि चापाकल की देख-रेख की जवाबदेही न ग्रामीणों पर है और न ही पी०एच०ई०डी० के कर्मचारी उसकी देख-रेख करते हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग इसको गाढ़ देता है, लेकिन इस विभाग के लोग कभी गांव में जाकर के उस चापाकल को देखते नहीं हैं, उनका मेकैनिक कभी जाता ही नहीं है और अगर वह

चापाकल बिगड़ गया है तो गांव के लोग उनको बनवाते नहीं हैं क्योंकि गांव के लोगों को यह जवाबदेही दी नहीं गई है। इस तरह से उसको न सरकार ठीक करती है और न ही गांव के लोग करते हैं, परिणाम यह होता है कि एक बड़ा हिस्सा, चापाकल, जो पेयजल उपलब्ध कराता था, वह बेकार पड़ा है, वह बर्बाद हो गया है, उसकी कोई देख-रेख नहीं होती है—न तो पी०एच०ई०डी० की तरफ से और न ही गांव के लोगों की तरफ से। दूसरा मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि गांवों में कूएं खुदवाए गए 10 फीट के, 20 फीट के या अढ़ाई मीटर की गहराई के और उसका उद्देश्य यह था कि इससे गांव के लोगों को पेयजल भी उपलब्ध होगा और साथ ही साथ इसके पानी को सिंचाई के काम में भी लाया जाएगा। लेकिन आज स्थिति क्या है? मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं और वे जानते भी होंगे कि कई लेअर पर पानी मिलता है और फर्स्ट लेअर में जब पानी मिल जाता है तो वहीं चापाकल को गाड़ दिया जाता है क्योंकि कंट्रेक्ट सिस्टम है। सरकार कहती है कि हमारे विभाग के ज़रिए वह काम होता है लेकिन वह किसी न किसी एजेंसी से होता है, वह विभाग की ही होता है, उसमें ठेकेदारी प्रथा रहती है। तो वह उसको वहीं गाड़ देते हैं जहां उनको ऊपरी सतह पर पानी मिल जाता है और जब मार्च-अप्रैल का महीना आता है और उसकी सतह नीचे चली जाती है तो वह कूआं या चापाकल बेकार हो जाता है, बंद हो जाता है और उसका उपयोग किसी भी काम में नहीं हो पाता। यह वास्तविक स्थिति है जिसकी ओर मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यह बिल्कुल सच्चाई है, इसकी आप किसी भी स्तर पर, किसी भी राज्य में, जिले में जांच करा लें तो देश के अधिकांश भागों में आपको यही स्थिति चापाकल और कूओं के बारे में, जिनको सरकार ने खुदवाया, मिलेगी। तो इसलिए मेरा सुझाव है कि चापाकल जो गाड़े गए हैं, या गाड़े जाएंगे, उनकी मैंटेनैंस या रख-रखाव की जिम्मेदारी पी०एच०डी० डिपार्टमेंट की हो और अब जब कि पंचायती राज कायम हो गया है तो पंचायती राज के अंतर्गत पंचायतों और गांवों की भी यह जवाबदेही होनी चाहिए कि वह उसका रख-रखाव करें तभी जो काम आप करते हैं, उसका लाभ गांव के लोगों को पेयजल के लिए मिल सकता है। तो यह जो त्रुटियां है, कमजोरियां है, उनकी ओर मैंने आपका ध्यान आकर्षित किया है।

महोदया, करीब-करीब पूरे देश के अंदर जल स्तर, वाटर लेवल, बड़ी तेज़ी से पिछले कुछ वर्षों से भागता चला जा रहा है, नीचे गिरता चला जा रहा है। इस सदन में भी इस बारे में कई बार जब सवाल उठाए गए तो पूर्व प्रधान मंत्री ने भी इस बात को कहा और मंत्री महोदय ने भी कहा कि पानी का लेवल भाग रहा है, जो एक नई समस्या है, एक नई प्राब्लम है।

इस प्राॅब्लम को हल किए बिना पेयजल को आप उपलब्ध नहीं करा सकते हैं। हमने पहले कहा कि हम लोग गांव के रहने वाले है। हमें याद है कि पुराने समय में जब लोग कुआं खोदते थे तो जून के महीने में खोदते थे क्योंकि जून के महीने में पानी का स्तर बहुत नीचे चला जाता था। इस तरह से बहुत गहराई तक कुएं की खुदाई होती थी और पानी निकलता था। इस तरह से गहराई तक खुदाई करने से पानी का स्तर किसी भी महीने में नीचे नहीं जाता था। आजकल कुएं कब खोदे जाते हैं? कभी अक्टूबर में खोद दिया, कभी नवंबर में खोद दिया, कभी जनवरी में खोद दिया। इन दिनों पानी का स्तर ऊंचा रहता है, जब कि कुएं की खुदाई काफी गहराई तक होनी चाहिए ताकि जून और जुलाई के महीनों में पानी की प्राॅब्लम न हो। इस पर सरकार ध्यान नहीं देती है, इस पर डिपार्टमेंट ध्यान नहीं देता है, सरकारी अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं।

महोदय, आपकी योजनाएं, आपकी स्कीम्स तो लागू होती हैं लेकिन उसका जो फल आम जनता को मिलना चाहिए, वह नहीं मिलता है, इस ओर भी मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। महोदय, आज जो स्थिति है उसमें समुचित जल प्रबंधन की जरूरत है। जहां पानी की एक-एक बूंद के सही उपयोग के जरूरत है, वहीं अधिक से अधिक संचय की भी जरूरत है। यह कैसे होगा? भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के 198 विकास खंडों में से तीन-चौथाई में भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। इस रिपोर्ट में खासकर थार इलाके के बारे में जिक्र है कि वहां लगातार भूमिगत जल का स्तर घटता जा रहा है। कुछ जिलों जैसे झुंझनू, सीकर, नागौर और पाली में तो प्रति वर्ष 20 से 40 सेंटीमीटर जल स्तर का घटता जाना एक चौंकाने वाली बात है। इसी तरह से दूसरे राज्यों में भी जल स्तर घटते जाने का यह सिलसिला जारी है।

महोदय, कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने ऐसे कुछ क्षेत्रों का अध्ययन किया है और यह रिपोर्ट दी है कि जो आधुनिक पेयजल की योजनाएं हैं उनको तो लागू करना ही चाहिए लेकिन हमारे देश में पुराने समय में जिस तरह से जल संचय किया जाता था, उन तरीकों का भी अगर इस्तेमाल किया जाए, जल संचय के लिए दोनों तरह के तरीकों का इस्तेमाल किया जाए तो अच्छा होगा। आधुनिक तरीकों में और सुधार किया जाना चाहिए।

इसमें जो गड़बड़ियां हैं, त्रुटियां हैं, कमजोरियां हैं इनको दूर किया जाए और इसको बेहतर बनाया जाए। साथ ही साथ जो कुछ पुराना जल संचय करने का तरीका था उसको भी हमको इस्तेमाल करना चाहिए और मेरा सुझाव होगा कि इस पर भी सरकार विचार करे।...(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री नीलोत्पल बसु): अंसारी जी, एक बात है पांच बजे खत्म होगा। अगर आप जवाब मांगते हैं मंत्री जी से तो मेरे ख्याल में थोड़ा और संक्षेप में रखते तो बेहतर होगा।

श्री जलालुद्दीन अंसारी: मैं संक्षेप में ही कह रहा हूं।

†[شری جلال الدین انصاری: میں "سنکشیپ" میں ہی کہہ رہا ہوں۔]

SHRI YERRAN NAIDU: Sir, I have not received any information regarding this subject. That is why I request I may be allowed to reply on a later date.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): But, who is the Minister concerned to reply to this debate?

SHRI YERRAN NAIDU: This subject is not under my charge. So, I cannot reply to it just now.

उपसभाध्यक्ष (श्री नीलोत्पल बसु): यह तो पहले साफ हो जाना चाहिए कि कौन मंत्री इसका जवाब देगा। मेंबर साहब ने बाकायदा अपना नोटिस दिया है और बैलट पर नाम आया है। ...(व्यवधान)

श्री जलालुद्दीन अंसारी: आज हाऊस में उपस्थिति भी कम है, आज इसको समाप्त नहीं करके दूसरे दिन लिया जाए। हमारे कुलिग्स है नाम दिए हैं। जो हैं बोल लें। दो घंटे में तो पूरा भी नहीं होगा। साढ़े तीन बजे के बाद तो शुरू हुआ है, आज 5 बजे हाउस एडजोर्न होगा। बिजनेज एडवाइजरी कमेटी ने तय किया है। अगर रस्म अदायगी करना है तो किसी भी समय इसको समाप्त करलें। हम समझते हैं कि यह गंभीर विषय है। ...(व्यवधान) आप और हमारे बहुत सारे विद्वान साथी हैं जिनको हमसे अधिक जानकारी है वह अपनी बात को रखेंगे। ...(व्यवधान) मेरा यह सुझाव यह है कि इस पर आप विचार करे कि इसको नेक्सट डे कॉन्क्लूड कीजिए। सदस्यों ने जो नाम दिए हैं वह हैं नहीं और जो हैं वह बोलेंगे और मंत्री जी के बारे में भी स्पष्ट होगा कि कौन मंत्री जी जवाब देंगे। यह मंत्री देंगे या दूसरे देंगे।

उपसभाध्यक्ष (श्री नीलोत्पल बसु): आप बोलते रहिए।

श्री जलालुद्दीन अंसारी: इसीलिए मैं कह रहा था कि कुछ और भी सुझाव स्वयं सेवी संगठन का आया है और उन्होंने कई सर्वे भी किया है कि तीन साल, चार साल और उनका सुझाव है कि अभी जो जल संकट है उससे बचने का एक तरीका यह भी है कि हमारे पुराने जो तरीके हैं उसका भी उपयोग किया जाए। इस संबंध में मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं कि विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र के विशेषज्ञों का एक शोध संगठन है जिसका नाम—परम्परागत भारतीय जल प्रबंधन है और इस स्वयं सेवी संगठन की यह राय है कि पुराने समय में भारत के जल प्रबंधन का कोई शानी नहीं था और भविष्य में जल संकट से बचने के लिए हमें अभी से अपने पुराने प्रबंधन पर लौट जाना चाहिए।

जो नई हमारी तकनीक है उसको छोड़ दिया जाये और पूरे तौर पर पीछे लौट जायें यह मेरी राय नहीं है लेकिन उनके भी कुछ सुझाव हैं। जो पुराने जल संचय के तरीके थे वे किसी हद तक आज की परिस्थिति में सही हैं और वे कारगर हो सकते हैं इसके बारे में भी हमको विचार करना चाहिए। कुछ जगहों का उसमें उदाहरण है। उसी तरह से उनकी रिपोर्ट में राजस्थान के अलवर जिले का उदाहरण दिया गया है। जहां तरूण भारत नाम के संगठन ने 1200 जोहड़ों का निर्माण करके स्थानीय जनता को पीने का पानी उपलब्ध करवाया है। एक अध्ययन करके जल प्रबन्धन के रूप में जम्मू के कुहल्स, हिमाचल प्रदेश के कुलस, उत्तराखंड के गुलस, महाराष्ट्र के पाट्स, लद्दाख के जिनगस, नागालैंड के जाबो, तमिलनाडु के एरिस, राजस्थान के बावड़ी जोहड और झालरा, गुजरात के विरदासों का उदाहरण दिया गया है जिसके जरिए वहां के लोग बड़े बांधों के द्वारा कहीं ज्यादा अच्छे तरीके से पानी का प्रबन्धन कर लेते हैं। इसमें बिहार का भी एक उदाहरण दिया गया है। बिहार में संथाल परगना और छोटा नागपुर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बड़े-बड़े बांधों और सिंचाई परियोजनाओं को निरर्थक बताया गया है लेकिन हम इन परियोजनाओं को निरर्थक नहीं मानते हैं। उसके मुताबिक 1941 में बिहार के इन क्षेत्रों की 12.5 प्रतिशत भूमि सिंचित थी जो 1981 में घटकर 4.5 प्रतिशत ही रह गई। रपट के

†[ ]Transliteration in Arabic Script

मुताबिक सिंचित क्षेत्र में यह कमी 104 सिंचाई योजनाओं पर 900 करोड़ रुपये की बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी रपट में इस परम्परागत जल संरक्षण तरीके को बढ़ावा देने के लिए गांव वालों को मौद्रिक प्रोत्साहन देने की सलाह दी गई है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा इस संबंध में कहना यह है कि जो हमारे पुराने परम्परागत तरीके थे उनको आजकल बिल्कुल ही छोड़ दिया गया है। जिसकी वजह से भी हम जल का संचय नहीं कर पा रहे हैं। जो संचय परम्परागत तरीकों से पहले करते थे उस का पेयजल के रूप में भी उपयोग होता था और सिंचाई के लिए भी उपयोग होता था। मेरा सुझाव यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज हजारों गांव ऐसे हैं जहां पर पीने का पानी की व्यवस्था नहीं है, विशेषकर जहां पर हमारे आदिवासी भाई रहते हैं, हरिजन भाई रहते हैं, अनुसूचित जाति और जन जाति के लोग रहते हैं, उन इलाकों में पीने के पानी की व्यवस्था की जाये क्योंकि हम इस साल आजादी की पचासवीं जयन्ती मना रहे हैं। आजादी की पचासवीं साल गिरह के अवसर पर भारत सरकार देश की जनता की जो एक महत्वपूर्ण पेयजल समस्या है जो दिल्ली में भी है, इस दिल्ली में आप और हम भी रहते हैं, रोज अखबारों में देखिए क्या स्थिति है। हम लोग तो बीआईपी इलाकों में रहते हैं इसलिए पानी नियमित मिल जाता है लेकिन इसी दिल्ली में गांव के इलाकों में पानी की क्या हालत है। लोग गांवों में कई-कई मीलों से पानी ढोकर के लाते हैं आप जरा उनके इस कष्ट का अंदाजा तो लगाइये। वह एक दो घड़ा पानी ढोकर लायेंगे तो वह उस में से कैसे खाना बनायेंगे, पानी पियेंगे, स्नान करेंगे और कपड़े साफ करेंगे? गांव के लोगों की पीने के पानी की जो कठिन समस्या है उसको दूर करने के लिए हम इस पचासवीं जयन्ती के अवसर पर इस सरकार से मांग करते हैं कि वह इसके लिए एक क्रेश प्रोग्राम सारे पक्षों पर विचार करके बनाये और एक निश्चित अवधि में यह निर्णय ले कि इस देश के सभी गांवों और शहरों में पेयजल की जो समस्या है उसका समाधान करे और देश की जनता को पेयजल मुहैया कराने की एक योजना सरकार अतिशीघ्र बनाये। सरकार इस देश की जनता को पेयजल के संकट से मुक्ति दिला दें यही हमारा इस संकल्प में सरकार से अनुरोध है। मुझे विश्वास है कि हमारे जो साथी हैं वह इस समस्या पर दिलचस्पी लेते हुए अपने सुझाव देंगे और सरकार उन सुझावों पर विचार करके एक ठोस कार्यक्रम बनायेगी जिससे इस समस्या का निराकरण हो सके।

The question was proposed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU) : Shri John F. Fernandes.

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Thank you, Mr. Vice-Chairman. It is a great shame and tragedy for the nation that in the 50th year of Independence, this Parliament has to debate a matter which is of vital importance to the nation. I can understand our debating questions of *roti, kapda* and *makan.* They are subsequent matters. But air and water are basic things for any human being to survive. I compliment my hon. colleague, Mr. Ansari, for bringing this resolution in the House to draw the attention of this Government.

In 1985, when the then Prime Minister Rajiv Gandhi came to office, I remember, he started five missions. Apart from the Technology Mission and Telecom Mission, the Drinking Water Mission was one of them. I do not know what the Government is doing about it, whether that Mission is still functioning or it has been given up by the Government. We have plans and plans. In the 50s, we started a Five-Year Plan and we have just completed the Eighth Five-Year Plan and we have stepped into the Ninth Five-Year Plan. I think our Planning Commission and the planners of this country have totally failed in helping the needy, poor people who live down in villages and rural areas. Day in and day out, we are faced with natural calamities. We have either droughts or floods. And millions and millions of gallons of water—fresh water—every day flows down from the Himalayas runs through the rivers of the Ganges or the Brahmaputra and flows into the Bay of Bengal or the Indian Ocean.

I do not think that the problem is that we do not have the natural resource. But we do not have a proper management. I can understand the problem of the Government that we do not have the financial resources to distribute this natural element among the poor people. In this House, we witness that there are disputes, inter-state disputes, and

whenever Cauvery is mentioned in this House, we see that the House is divided between Karnataka and Tamil Nadu. Water resource is a national wealth. I think it will be appropriate for the Government to see that the water throughout the country is taken as a national asset and it is not given as a private property to a State, for, we are federal. We have a federal system of Government. I feel it will be better if the Central Government steps in and sees that this basic resource is equitably distributed throughout the country.

Sir, I have mentioned wasting of water from the Himalayas through the Brahmaputra and the Ganges. At the same time, we see that we can pump fuel from the Kandla Port in Gujarat to the Mathura Refineries in U.P. If we can manage to do that, I do not know why we should fail to distribute this potable water, fresh drinking water, to the villages, to the far-flung areas of our country, specially to the desert areas of Rajasthan. I was mentioning the failure of the Planning Commission. I happened to attend a workshop in the Rural Development Institute in Hyderabad at Rajendra Nagar. We were told there that in the Thar Desert of Rajasthan, a foreign satellite could identify land-locked water which has been lying there are hundreds of years.

4.00 P.M.

Now when we have this technology, the satellite remote-sensing technology, I think that it will not be difficult for the Government to solve this problem, provided there is a will with the Government to see that the drought-prone areas in the country are connected with this National Water Grid on a priority basis. There are so many schemes with the Government now. I don't think that these schemes are implemented; the drinking water scheme, the tubewell scheme. Now we, the Members of Parliament, also are given funds under the Members of Parliament Local Area Development Scheme, but this Scheme cannot be properly implemented because you know that the stipulations of the Government are so severe that you have to have a community land, that you have to have a land which is under the Government. This Scheme cannot be just implemented because you can't have a scheme somewhere in a place which is far away from the villages where people reside. So, I think it will be appropriate for the Government to see that these schemes are revised to see that every house in a village is provided with these facilities. If there were land in the backyard, these facilities can be given to the people on a private land. That will also reduce the pressure on the Government water supply system. So, when we say 'the water supply system', we totally depend on the municipality or the panchayat which has no funds. You know there is a paucity of funds and the Government has recently privatised various sectors, especially the power sector. I would like to know from the Government whether they will also bring in some scheme so that the private sector can also have a say in it and that the private sector can also play a role in it. I know that the Government can compensate, the Government can subsidise, and I think, that is the only way to solve the problem of shortage of drinking water in the country. Sir, our planners have again failed. What happens is we provide a lot of funds for the public health system. Water-borne diseases are very common—V.C. cholera, V.C. typhoid, V.C. dysentery, V.C. gastro-enteritis. Instead of providing more funds for the health system, it will be better if we spend money on controlling and preventing these diseases, and I think, if the Government diverts more funds towards creating the facility of drinking water, that will go a long way. Sir, this problem has become so grave that I remember an incident which I want to narrate here. I was an observer for elections in Nagaland and the then Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi, went there for an election campaign, and we were talking to the villagers; when he asked

them as to what they would require—my apprehension was that they would ask for some factory or some industry or some school or some college—all those people said, "We don't have drinking water!" And right across the State, you have the river Brahmaputra where the water flows down from the Himalayas and it is just pumped into the Bay of Bengal. If this could be the major problem of the people in Tribal areas, I do not know how many more years we will take to see that this problem of our people is solved. Sir, I don't think I have much more to add here. I applaud the spirit in which Mr. Ansari has brought this Resolution and I would request the Government to come out with a proposal and ask the Planning Commission to frame a proposal. It should come out with a proposal so that this problem can be sorted out with the help of the private sector in this country. Thank you very much, Sir.

श्री बंगारू लक्ष्मण (गुजरात): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय अंसारी जी ने बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर आज चर्चा शुरू की है। हम लोग आज़ादी की स्वर्ण जयन्ती मना रहे है। यह वास्तव में बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आज भी देश के 45 प्रतिशत गांव पूरी तरह से पीने के पानी से मोहताज हैं। उसके लिए पार्शियल स्कीम कवर की बात की जा रही थी और यह पता नहीं कि हम लोग पीने का पानी कब तक, किस वर्ष तक या कौन सी अवधि के अंदर दे पाएंगे। कहीं तो यह कहा जा रहा है कि यह शताब्दी पूरी होते होते हम पीने का पानी मुहैया करा देंगे। कहीं यह कहा जा रहा है कि 9वीं पंचवर्षीय योजना पूरी होने तक यह पूरा किया जाएगा। लेकिन वास्तविकता क्या है? सरकार क्या करना चाहती है इस दिशा में आज विचार करना बहुत आवश्यक है। सरकार ने यह माना है कि देश में बहुत बड़ी संख्या में गांवों के अंदर पानी नहीं मिलता है। हर प्लान में हम लोग इसका इवैल्युएशन करते हैं और प्राब्लम विलेजेज जो हैं उनकी संख्या किसी न किसी प्रकार से लगभग कान्स्टेंट चलती आ रही है। जैसे पहली अप्रेल को यानी सातवीं पंचवर्षीय योजना शुरू हो रही थी उस समय यह माना गया था कि 1 लाख 62 हजार प्राब्लम विलेजेज हैं और 6ठी पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत जिन विलेजेज को कवर करने की बात चल रही थी उसमें से 39 हजार गांव बाकी बच गए थे। इस प्रकार से 2 लाख 1 हजार गांव सातवीं पंचवर्षीय योजना तक आ गए थे। यही हिसाब उससे पहले की छठी पंचवर्षीय योजना में था। उसमें भी यही हिसाब लगाया गया था। वहां पर भी 2 लाख 31 हजार गांवों के अंदर पीने का पानी नहीं था या ये प्राब्लमेटिक विलेजेज थे इस प्रकार माना गया था।

योजनाएं तो काफी बन रही हैं। अभी पहले इसका नाम था "नेशनल ड्रिंकिंग वाटर मिशन"। इसको 1986 में शुरू किया गया। उसके बाद फिर इसका नाम 1991 में बदला "राजीव गांधी नेशनल ड्रिंकिंग वाटर मिशन"। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम लोग आज बैठकर यह तय कर सकते हैं, सरकार यह कहने की स्थिति में है कि अगली शताब्दी में यह एक समस्या बनकर नहीं रहेगी। इस समस्या को हम लोग किसी न किसी प्रकार से समाप्त करेंगे। क्या सरकार यह दावे के साथ कह सकती है। मुझे लगता है कि सरकार की अपनी दिक्कतें हैं। यद्यपि पब्लिक पोस्चर यह ले रही है कि दो हजार ईस्वी के अंदर हम पूरी तरह से इस प्राब्लम को साल्व कर लेंगे। लेकिन दूसरी तरफ सरकार ने इस सदन के अंदर यह माना है कि एज आन 1.4.96 पूरी तरह से पीने का पानी जिन गांवों में नहीं है उन गांवों की गिनती 75 हजार है। जहां थोड़ी मात्रा में पानी की उपलब्धि है उन गांवों की संख्या 3 लाख 31 हजार 646 गिनायी गयी है। ऐसी स्थिति में यह नहीं लगता कि हम लोग क्या नवीं पंचवर्षीय योजना में भी इसको पूरा कर पाएंगे।

यह कहा जा रहा है कि यह जिम्मेदारी राज्य सरकारों को दी गयी है और राज्य सरकारें इसको पूरा करने के लिए तत्पर हैं और लगी हुई है। लेकिन देखा यह जा रहा है कि राज्य सरकारें भी इस दिशा में इस समस्या को पूरी तरह से हल करने में सफल नहीं हो पा रही है। हर पंचवर्षीय योजना के अंत में जो आंकड़े दिए जा रहे है उससे यह बात बिल्कुल साफ है जैसा कि मैने शुरू में कहा कि प्राब्लमैटिक विलेजेज—जहां पीने का पानी नहीं मिलता है—इस प्रकार के विलेजेज की संख्या लगभग हर पंचवर्षीय योजना पूरी होने तक कान्स्टेंट रूप से चलती आ रही है।

इसमें कोई प्रोग्रेस दिखाई नहीं दे रही है। उसमें यह भी कहा जा रहा है कि अब 2035 के बाद शायद पानी की उपलब्धि भी इस देश के अंदर बहुत कम होगी। यह बड़ा दुर्भाग्य है। आज बाकी सब चीज़ें तो मिलती हैं, उपसभाध्यक्ष जी, आपको मालूम है कि आप किसी भी गांव में जाइये, इस उम्र में आप भी सफर करते होंगे बाकी लोग भी ट्रेवल करते हैं, गांव के अंदर जब जाते है तो अगर आपको प्यास लगेगी तो आपको कोका

कोला मिलेगा या फिर इसी प्रकार का सांफ्ट ड्रिंक मिल सकता है लेकिन पीने का अच्छा पानी नहीं मिलता है। कुछ राज्य तो ऐसे हैं जहां आपको दिन में भी शराब मिलेगी लेकिन एक गिलास पीने के लिए पानी नहीं मिलता है। इस प्रकार की स्थिति आज है। इसलिए इस प्रस्ताव का बहुत महत्व है। सरकार को इस पर पूरी तरह से ध्यान लगाना पड़ेगा और निश्चय करना पड़ेगा। मैं नौवीं पंचवर्षीय योजना का एप्रोच पेपर देख रहा था कि कहीं पर शायद सरकार ने इस बात पर जोर देकर कहा हुआ हो दुर्भाग्य से इसको जितनी इंपार्टेंस देनी चाहिए उतनी इंपार्टेंस इसमें नहीं मिली है। यह भी सब को पता है कि केवल स्वच्छ जल नहीं मिलता है कहीं पर पीने का पानी तो मिल जाता है, लेकिन उसके साथ इतनी बीमारियां और इतने प्रकार के उसके अंदर रोग है जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता है। जैसे फ्लोरोसिस है। यह समस्या बड़ी गंभीर है। 14 राज्यों के अन्दर यह समस्या है 150 जिलों के अंदर ऐसे गांव है जहां पीने केन पानी में फ्लोरोसिस की ज्यादा मात्रा होने के कारण कई समस्यायें खड़ी हो रही हैं। उसी प्रकार से पश्चिमी बंगाल के अंदर आर्सेनिक की भी जल के अंदर काफी मिलावट के कारण वहां की भी समस्यायें खड़ी हैं। ऐसी स्थिति में सारे देश को, सारे राष्ट्र को, सारी जनता को विश्वास में लेकर सरकार को यह निर्णय करना पड़ेगा कि अगली शताब्दी में पीने के पानी की समस्या इस देश के अंदर नहीं रहेगी। हम लोग इसको सर्वाधिक प्राथमिकता दें और सर्वाधिक प्राथमिकता दे करके पूरी तरह से कोशिश करें। यह ठीक है कि कई जगह इस पर रिसर्च और अनुसंधान आदि हो रहा है और किस प्रकार से इसमें तेजी लायी जा सकती है इसके बारे में विचार हो रहा है। लेकिन जो राज्यों के अंदर समस्यायें हैं विशेष करके ग्रामीण क्षेत्रों के अंदर पीने के पानी की सप्लायी के लिए वहां पर ओवरहेड टैंक्स बनाने के लिए कॉन्ट्रेक्टर सामने नहीं आते। कई राज्यों में यह देखा गया है कि लक्ष्य 10 हजार का रखा जाता है लेकिन 2 हजार कंप्लीट नहीं होता क्योंकि उस पर काम लेने के लिए कोई कन्ट्रेक्टर सामने नहीं आता। ऐसी स्थिति में ओवरहेड टैंक जो बिल्कुल कंवेंशनल तरीके के न हो इसके लिए और नया तरीका क्या हो सकता है ताकि तुरन्त लगाया जा सके, यह इस पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

उसभाध्यक्ष जी, यह एक बहुत गंभीर समस्या है। इस पर सरकार को, जैसा मैंने निवेदन किया एक निर्णय करना पड़ेगा, इसकी घोषणा करनी पड़ेगी कि हम फलाने साफ तक पीने के पानी की समस्या को सुलझा देंगे और सब को पीने का पानी मुहैया करा देंगे। इस निश्चय के साथ हम लोग अगली शताब्दी में कदम रख सकते हैं। फिर यह जो आजादी की स्वर्ण जयन्ती हम लोग मना रहे हैं इनका कोई मतलब होता है। इसमें जितना भी सहयोग बाकी वालंटरी आर्गेनाइजेशंस का हो सकता है, प्राइवेट कंसर्न्स का हो सकता है वह लिया जाना चाहिए। हर प्रकार के लोगों को इसमें इन्वाल्व कर सकते हैं। यह बात ध्यान में रख करके सरकार इसे प्राथमिकता दें और प्रायरिटी दे तथा एक निश्चित अवधि के अंदर वह पानी मुहैया कराएं।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अंसारी साहब ने जो प्रस्ताव रखा है, उसका समर्थन करता हूं।

केवल समर्थन करते हैं इतना ही नहीं, उस में सरकार से यह भी मांग की जाए। कि फलों सा में इस पूरा किया जाए। महोदय, बहुत जल्दी की बात पहली पंचवर्षीय यजोना से चल रही है और पिछले 50 साल से लगातार इस बात को दोहराया जा रहा है, लेकिन अगर हर पंचवर्षीय योजना का हिसाब लगाएं तो पहली पंचवर्षीय योजना के शुरू में तिनेन प्रोब्लेमेटिक विलेजेज थे, उन की संख्या कांस्टेंट रही है। इसलिए सरकार को यह निश्चय करना पड़ेगा कि हम फलों समय के अंदर-अंदर इस कार्य को पूरा कर लेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री नरेश यादव (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं श्री जलालुदीन अंसारी जी द्वारा जो संकल्प प्रस्तुत किया गया है, उस के समर्थन में खड़ा हूं। महोदय, हमारे देश के महान विद्वान रहीम दास जी ने कहा था कि:

"रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून,
पानी गए न ऊबरे, मोती, मानस, चून।"

महोदया, पूरी धरतदी का 75 प्रतिशत हिस्सा पानी है। जो अन्न हम खाते हैं, उस में पानी का अंश है। सब्जी खाते हैं, उस में भी पानी का अंश है। इसलिए पानी के बिना कोई भी काम अपने ही देश में नहीं, दुनिया में कहीं नहीं चल सकता है। इसलिए पानी जैसे इस महत्वपूर्ण सवाल पर जो संकल्प जलालुदीन भाई लाये है, उस का मैं तहेदिल से समर्थन करता हूं क्योंकि आज जो देश की हालत है और पानी का हम जिस तरह से दोहन कर रहे हैं और जैसाकि अंसारी जी ने भी अपने वक्तव्य में कह है, पुराने तौरतरीकों को छोड़कर नए-नए आधुनिक तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं इस कारण पानी की सतह जाहं है, उस से जीचे जा रही है। पानी को जमा करने का जो हमारा नेचुरल प्रोसेस था और उस पानी को

हम पीने के लिए और अन्य व्यवहार में लाते थे उन सब को छोड़कर हम आज जिस तरह से पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं उस सब से पानी की एक कठिन समस्या देश में निर्मित हो गयी है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आप को यह जानकर आश्चर्य होगा कि हम आज पानी के माध्यम से इंसेक्टीसाइड्स का उपयोग कर रहे है, जहरीली दवाइयों का उपयोग कीड़े-मकोड़ों को मारने के लिए कर रहे हैं, उस से हमारी भूमि का क्षरण हो रहा है और उस से हम अपनी मातृभूमि को प्रदूषित भी कर रहे हैं। फिर उन रसायनों के प्रयोग से जो अनाज पैदा हो रहा है, उस का भी हम सेवन कर रहे है तो इस कारण से फूड एडल्टरेशन की शिकायत भी हम को मिल रही है। इसलिए मैं संक्षिप्त में इस बात की पुष्टि करना चाहूंगा कि आज निश्चित तौर से हमे उन्हीं पुराने तौर-तरीकों पर आना पड़ेगा। महोदय, गांवों में तालाब निर्मित किए जाते थे, लेकिन अब आबादी बढ़ रही है, उस से तालाब भरे जा रहे हैं जबकि पहले सभी गांवों में तालाब रहते थे और उन में पशु-पक्षी, चिड़िया और जीव-जन्तु आकर पानी पिया करते थे। यहां तक कि मनुष भी उस पानी का सेवन किया करता था, लेकिन विकास के बढ़ते दौर में मनुष्य ने उस पानी का पीना छोड़ दिया और चांपाकल और कुएं से पानी पीना शुरू कर दिया।

लेकिन उससे जो जमीन की नमी बनी रहती थी, जो जल का स्तर कायम रहता था, वह जल का स्तर और नमी आज कायम नहीं रह पा रही हैं, जल का स्तर नीचे जा रहा है। यह आज देश के लिए, दुनिया के लिए एक समस्या उत्पन्न हो गई है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, में आग्रह करना चाहूंगा कि पानी की समस्या आज देश के सभी गांवों में बनी हुई है। आज भी हमारे गांव की महिलाएं कोसों-कोस दूर जाकर पानी लाती हैं, ढो-ढो कर पानी लाती हैं। यह जो इस वक्त माह चल रहे हैं, बैशाख और जेठ के, अप्रैल, मई ओर जून, इन तीन माहों में इस देश के लिए पानी की समस्या एक विकराल समस्या हो जाती है, खासकर राजस्थान के लिए, बिहार के कुछ हिस्सों के लिए, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ भागों के लिए, जहां लोगों को सही रूप से पानी पीने को भी नहीं मिल पाता है। इसलिए हम सरकार से यह आग्रह करेंगे कि कम से कम इतना तो जरुर करना चाहिए कि लोगों को पानी की तकलीफ न हो। हमारा पूरा देश अनाज पैदा कर रहा है, अपने खाने भर अनाज पैदा कर रहा है और अगर कमी हो रही है तो विदेशों से मंगवा कर उसकी पूर्ति की जाती है, लेकिन पानी कैसे मंगाएंगे? पानी तो अपने देश में ही काफी है। कभी कभी तो तीन माह देश में पानी ही पानी हो जाता है। हमारे बिहार में, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से में, हरियाणा में भी और कभी बाढ़ न आने वाले राज्य राजस्थान में भी पानी हो जाता है कुछ खास समय में। तो पानी तो यहां पर पड़ा हुआ है, उस पानी का सही इस्तेमाल करने की जरुरत है, जिससे कि पानी के बिना देश में लोग न मरें।

महोदय, दिल्ली जैसे शहर में पानी के लिए कतार लगानी पड़ती है, क्यू लगानी पड़ती है और कभी कभी दिल्ली के अलावा कई जगह पानी के लिए विवाद हो जाता है, संघर्ष हो जाता है, आपस में मुकदमा हो जाता है। इसलिए हम सरकार से आग्रह करना चाहेंगे कि निश्चित तौर पर यह जो पानी की समस्या है, इस समस्या को दूर किया जाना चाहिए। आप जानते हैं, 85 परसेंट भारत गांव में बसता है, इन गांवों के लिए निश्चित तौर पर पीने के पानी की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। महोदय, जलालुदीन भाई जो यह संकल्प लाए हैं, मैं समझता हूं कि सरकार को निश्चित तौर पर इसका जवाब देना चाहिए कि कैसे आप पानी की व्यवस्था करेंगे। आपको इतनी गारंटी तो करनी होगी कि देश में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी। पानी के साथ एक और भी समस्या है और वह यह कि पानी में आयरन, लौह अयस्क काफी मात्रा में मिलता है, जो बीमारी का कारण हो जाता है। लोग कुएं का पानी पीते है और उससे घेंघा जैसा रोग हो जाता है। आज लोग गंदा पानी पीने को विवश हैं, जो कई रोगों का कारण होते है। इसलिए अगर लोगों को शुद्ध जल मिल जाए तो उससे लोगों के बहुत सारे रोगों का निदान स्वतः ही हो जाएगा और इस देश में लोग स्वस्थ होंगे।

अंत में मैं जलालुदीन भाई के इस संकल्प का समर्थन करता हूं और आपने जो बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत धन्यवाद करता हूं। धन्यवाद।

(THE VICE-CHAIRMAN [SHRI NARESH YADAV] IN THE CHAIR)

SHRI BRATIN SENGUPTA (West Bengal): Sir, this is a fundamental issue for the development of any society and we have got an opportunity to discuss this through a Private Member Resolution moved by Jalaludin Saheb. In recent period, we must positively acknowledge a development in our society. When a person goes to any remote village, the remotest corners of our country, he will find various brands of soft drinks, Coca

